# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–21 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के पुलिस आवासीय भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार सहित अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। इन घोषणाओं पर प्रदेश सरकार एक सौ पनद्रह करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए एक हजार तीन सौ अस्सी करोड़ रुपए के कॉरपस फंड की घोषणा की। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए शहीद पुलिस कर्मियों को याद किया। पुलिस स्मृति दिवस पर आज प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस लाइन्स में कार्यक्रम आयोजित कर शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी।

(**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शून्य गरीबी लक्ष्य के तहत, इस वर्ष गोंडा जिला प्रशासन द्वारा वनटांगिया महोत्सव में महेशपुर और रामगढ़ गांवों के वनटांगिया समुदाय के परिवारों को दिवाली का विशेष उपहार प्रदान किया जाएगा। आगामी 27 अक्टूबर को आयोजित इस महोत्सव में दोनों गांवों के सभी परिवारों को दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुएं, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री उपहार के रूप में दी जाएगी। गोंडा की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि वनटांगिया महोत्सव की शुरुआत पिछले वर्ष दो हजार तेइस में हुई थी, और इस वर्ष भी हम इसे मुख्यमंत्री के शून्य गरीबी विजन के तहत आगे बढ़ा रहे हैं।

**********

मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी तेजप्रताप यादव ने आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ नामांकन किया। इस अवसर पर सांसद डिम्पल यादव सहित कई नेता भी मौजूद रहे। नामांकन के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि करहल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीतेगा।

**********

उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की तरफ से आज लखनऊ स्थित खादी भवन में दस दिवसीय माटी कला मेला का शुभारम्भ हुआ। इस मेले का उद्घाटन प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। इस मेले में प्रदेश की माटी कला इकाइयों के साथ ही बाहरी राज्यों के शिल्पकारों के पचास स्टॉल लगाये गये हैं।

**********

कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविन्द्र सिंह ने कहा है कि फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये जिले और तहसील स्तर पर बीमा कम्पनियों द्वारा स्थापित किये जाने वाले कार्यालयों को कृषि विभाग के परिसर में स्थापित किया जाए। प्रमुख सचिव ने इसका अनुपालन कराने के लिये प्रदेश के सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।

**********

प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर छः माह के नये सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करेगा। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि इस सटिफिकेट कोर्स में साधु–संतों के शाही स्नान से जुड़ी जानकारियों को शामिल किया जा रहा है।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में कल से 26 अक्टूबर तक सब जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। इसमें 20 राज्यों के दो सौ तैंतालीस खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैंपियनशिप में रेस कोर्स का उद्घाटन कल होगा जबकि खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 23 अक्टूबर को खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव करेंगे। 26 अक्टूबर को रोइंग चौंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

**********

गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक गोरखपुर रंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन अलग अलग नाटकों का मंचन किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक श्रीनारायण पांडेय ने बताया कि रंग महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष आचार्य विश्वनाथ प्रसाद तिवारी करेंगे।

**********

पीलीभीत स्थित टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना 25 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए टाइगर रिजर्व की पांच वन रेंजों में कुल चार सौ दो स्वचालित कैमरे लगाए जाएंगे। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पिछली गणना के अनुसार पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इकहत्तर बाघ मौजूद थे।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित होने वाले पहले दीपोत्सव पर मंदिर में ढाई लाख दीपक जलाये जायेंगे। छोटी और बड़ी दीपावली पर जलाये जाने वाले ये दीये देशी गायों के गोबर से बने होंगे। इन दीयों का निर्माण नगर निगम के कान्हा गोशाला और महिला समूहों द्वारा किया जा रहा है।

**********